# **<u>बीएचईएल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार को 88 करोड़ रुपये के अंतिम लाभांश का भुगतान किया</u>**




नई दिल्ली, 05 अक्टूबर: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार को 88 करोड़ रुपये के अंतिम लाभांश का भुगतान किया है।

डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल ने श्री कमरान रिजवी, सचिव, भारी उद्योग की उपस्थिति में भारत सरकार द्वारा धारित इक्विटी (63.17%) पर वर्ष 2022-23 के अंतिम लाभांश का चेक माननीय केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री, डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय को भेंट किया।

इस अवसर पर बीएचईएल निदेशकमंडल के सदस्य तथा भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए, कंपनी के शेयरधारकों को कुल 139 करोड़ रुपये के लाभांश का भुगतान किया गया है।

*****